जीविका
JEEViKA

THE ChangeMakers

बिहार सरकार

April to June 2023 Issue 16

Transforming Rural Bihar

पशुधन विषेशांक

जीविका द्वारा संचालित पशुधन गतिविधियाँ
Page 01

सीमांचल जीविका गोट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
Page 06

समेकित मत्स्य पालन
Page 13

बड़की दीदी
Page 24

From the editor's desk

Dear Readers,

Greetings and good wishes! It is my absolute pleasure to bring you the latest edition of The ChangeMakers. In this issue, we shine a spotlight on an integral aspect of JEEVIKA's Livestock intervention - Fisheries, Dairy, Poultry and Goat rearing. We prioritize capacity-building by providing training and technical assistance to more than 3674 Pashu Sakhis, equipping them with knowledge and skills. One of the significant achievements of JEEVIKA's livestock intervention is the milk collection at 829 MPP centres across the state with an average pouring of more than 63000 litres/day. Kaushiki Mahila Milk Producer Company Ltd. (A JEEVIKA's venture) is now a Rs. 180 Cr company have launched its flagship products – JEEVIKA Dahi and JEEVIKA Ghee. From tales of farmers who have embraced sustainable farming practices to accounts of communities experiencing improved incomes and food security, these stories will fill you with hope and reaffirm our commitment to fostering inclusive growth.

Wishing you an engaging and enlightening reading experience.

Regards
Mahua Roy Choudhury
pc.gkm@brlps.in

EDITORIAL TEAM

- **Mrs. Mahua Roy Chaudhury**
  Program Coordinator (G&KM)
- **Mr. Rakesh Kumar Singh**
  State Project Manager (Livestock)
- **Mr. Pawan Kr. Priyadarshi**
  Project Manager (Communication)

CONTENT COMPILATION TEAM

- **Mr. Biplab Sarkar**
  Manager Communication
- **Mr. Rajeev Ranjan**
  Manager Communication, Begusarai
- **Mr. Rajeev Ranjan**
  Manager Communication, Siwan
- **Mr. Arpan Mukherjee**
  Young Professional-KMC

संदेश

श्री राहुल कुमार (भा.प्र.से.)
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका (BRLPS)
राज्य मिशन निदेशक, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

जीविकोपार्जन की गतिविधियों में पशुपालन का महत्वपूर्ण स्थान है। बिहार की अर्थव्यवस्था को गति देने में पशुपालन की भूमिका भी अहम है। पशुपालन के विभिन्न आयामों से राज्य के विकास को गति मिल रही है। जीविका अपने लक्षित समूह सदस्यों के बीच पशुपालन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पशुपालक दीदियों के लिए जीविका विभिन्न स्तरों पर तकनीकि सहयोग प्रदान कर रही है। गाय पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन आदि गतिविधियों से जीविका की 7 लाख से अधिक दीदियां जुड़ी हैं। इन दीदियों को जीविका द्वारा प्रशिक्षित कर उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न विभागों एवं योजनाओं के साथ समन्वय स्थापित कर जीविका दीदियों को पशुपालन गतिविधियों का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्हें व्यवसायिक रूप से दक्ष भी बनाया जा रहा है। पशुपालन गतिविधियों के बढ़ने से दीदियों के बीच जीविकोपार्जन की गतिविधियों में बढ़ोत्तरी हुई ही है, वहीं वह आर्थिक रूप से सशक्त भी हो रही हैं।

(राहुल कुमार)

CONTENTS

जीविका द्वारा संचालित पशुधन गतिविधियाँ 01
मुर्गी पालन से सुधरी दीदियों के घर की सेहत..... 04
सीमांचल जीविका गोट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड..... 06
जल–जीवन–हरियाली, जीविका दीदी की खुशहाली..... 08
Dairy intervention as Livelihoods alternative..... 10

संदेश

डॉ. एन सरवण कुमार (भा.प्र.से.)
सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार

पशुपालन की विभिन्न गतिविधियों ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तीकरण का नया मार्ग प्रशस्त किया है। रोजगार और आय सृजन की दृष्टि से पशुपालन का बिहार की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। पशुपालन के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन के लिए जीविका निरंतर कार्य कर रही है। पशुपालन गतिविधियों से जीविका दीदियों के बीच रोजगार सृजन के साथ आर्थिक सशक्तिकरण एवं उनके स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ है। इसकी सफलता के लिए जीविका अपने लक्षित समूहों को विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षित कर उन्हें व्यवसायिक रूप से भी दक्ष बनाती है। पशुपालन के क्षेत्र में महिलाओं को बराबर भागीदारी के लिए भी जीविका निरंतर कार्य कर रही है।

आज इसी का परिणाम है कि पशुपालन की गतिविधियों से काफी बड़ी संख्या में जीविका दीदियाँ जुड़ी हैं और आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। इससे राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है।

(डॉ. एन सरवण कुमार)

CONTENTS

समेकित मत्स्य पालन 13
Different Schemes of Livestock Intervention 15
Community Professionals Under LIVESTOCK Theme 18
बड़की दीदी 25
मन की कलम से 27

जीविका द्वारा संचालित
पशुधन गतिविधियाँ

Bikash Kumar, Manager Communication, Bhagalpur
Rajeev Ranjan, Manager Communication, Siwan
Rajeev Ranjan, Manager Communication, Begusarai

जीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़े परिवारों को जीविकोपार्जन की विभिन्न गतिविधियों से जोड़ कर उनकी आय को बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। जीविकोपार्जन संबंधी गतिविधियों में मुख्य रूप से कृषि, गैर कृषि तथा पशुधन संबंधी गतिविधियाँ शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े अधिकांश परिवारों की रोजी–रोटी का मुख्य आधार कृषि है। ऐसे में ये परिवार कृषि के साथ–साथ पशुधन संबंधी गतिविधियों को भी बखूबी अपनाते हैं। दरअसल कृषि एवं पशुपालन को एक–दूसरे का पूरक माना गया है। साथ ही आय प्राप्ति में भी ये सहायक होते हैं। ग्रामीण परिवेश में पशुधन को उत्पादक परिसंपत्ति का दर्जा दिया गया है। बहरहाल पशुधन गतिविधियों से जुड़े परिवारों को रोजगार एवं आय सृजन के साथ–साथ पोषण संबंधी आवश्यकताओं की भी पूर्ति होती है। यही कारण है कि जीविका द्वारा स्वयं सहायता समूह से जुड़े परिवारों को पशुधन संबंधी गतिविधियों में शामिल करने पर विशेष जोर दिया गया है। पशुधन संबंधी गतिविधियों में मुख्य रूप से गाय, भैंस, बकरी, मत्स्य, बत्तख, मुर्गी आदि का पालन काफी बड़े स्तर पर किया जा रहा है। जीविका द्वारा पशुपालन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार की रणनीतिक पहल की गई है। इस दिशा में समूह से जुड़े परिवारों को जीविका परियोजना की ओर से वित्तीय, तकनीकी एवं विपणन संबंधी मदद के साथ राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ अभिसरण के माध्यम से बढ़ावा दिया जा रहा है। एक तरफ मनरेगा के माध्यम से गाय एवं बकरी शेड का निर्माण किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत सार्वजनिक तालाबों को जीविका ग्राम संगठनों को आवंटित कर मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अलावा मुर्गी पालन के लिए भी सरकार की ओर से विशेष पहल की गई है।

जीविका के माध्यम से निम्न प्रकार की पशुधन संबंधी गतिविधियाँ की जा रही है :–

1. गाय–भैंस पालन से दूध उत्पादन एवं स्वास्थ्य सवंर्धन को मिल रहा प्रोत्साहन :–

दूध उत्पादन को बढ़ावा देने तथा सुगमतापूर्वक बिक्री हेतु कोशी प्रमंडल के सभी तीन जिलों– सहरसा, सुपौल और मधेपुरा में जीविका के द्वारा कौशिकी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी की स्थापना की गई है। इससे बड़ी संख्या में जीविका दीदियां जुड़कर दूध की बिक्री कर रही हैं। जीविका दीदियां कंपनी को न केवल दूध की आपूर्ति करती हैं बल्कि वे इस कंपनी का शेयरधारक भी हैं। कौशिकी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा दूध की बिक्री के अलावा दही, घी, चीज, पनीर, मक्खन, पेड़ा आदि का उत्पादन एवं बिक्री का कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार के प्रयासों से जीविका समूह से जुड़े परिवारों को दूध उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

2. समेकित मुर्गी विकास योजना के तहत मुर्गी पालन का कार्य :–

जीविका समूह से जुड़े परिवारों को मुर्गी पालन गतिविधि अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जीविका दीदियों को मुर्गी पालन गतिविधि से जोड़ने के लिए दो प्रकार की योजना क्रियान्वित की जा रही है। पहला, समेकित मुर्गी विकास योजना और दूसरा, पूर्ण लागत अर्थात फुल कॉस्ट मॉडल। समेकित मुर्गी विकास योजना (आई.पी.डी.एस.) का पहला चरण सामाप्त होने के बाद इसका दूसरा चरण आई.पी.डी.एस–2 शुरू की गई है। फिलहाल राज्य के सभी जिलों में यह योजना कियान्वित है। बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सहयोग से चलाई जा रही इस योजना में मुर्गी पालन हेतु सब्सिडी का प्रावधान है। इसके तहत पूर्व में स्थापित मदर यूनिट में एक दिन के चूजों की खरीद और इन्हें पालने में होने वाले खर्च में सब्सिडी दी जाती है। साथ ही मदर यूनिट से जुड़े परिवारों को ये चूजे सब्सिडी दर पर वितरित किए जाते हैं। इस प्रकार इसे सब्सिडी मॉडल भी कहा जाता है। दूसरी तरफ, पूर्ण लागत मॉडल के तहत किसी भी प्रकार की सब्सिडी नहीं दी जाती है। इसके तहत मुर्गी पालन में होने वाला पूरा खर्च समुदाय को ही वहन करना पड़ता है। यह योजना भी राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित है।

3. बकरी पालन गतिविधि :–

बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए जीविका द्वारा बकरी उत्पादक समूहों एवं बकरी उत्पादक कंपनी की स्थापना की गई है। जीविका स्वयं सहायता समूहों से जुड़े परिवारों को उत्पादक समूह में शामिल कर इन्हें बकरी पालन गतिविधि से जोड़ा जा रहा है। पूर्वोतर बिहार में स्थित सीमांचल क्षेत्र के लोगों के लिए बकरी पालन जीविकोपार्जन का एक अहम हिस्सा है। लेकिन, बाजार की अनउपलब्धता और समुचित मूल्य नहीं मिलने के कारण इस इलाके के पशु पालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। जिसे आसान करने एवं बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीमांचल क्षेत्र में पशु पालक जीविका दीदियों को संगठित कर सीमांचल जीविका बकरी उत्पादक कंपनी की स्थापना की गई है। वर्त्तमान में कंपनी सीमांचल क्षेत्र के अररिया, पूर्णियाँ और कटिहार जिले के 17 प्रखंडों में काम कर रही है। कंपनी के माध्यम से क्षेत्र की जीविका दीदियों को उनकी बकरी का उचित मूल्य मिल रहा है और बकरी पालन हेतु तकनीकि सहयोग भी प्रदान की जा रही है।

4. जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत समेकित मत्स्य पालन गतिविधि :–

राज्य सरकार ने जल जीवन हरियाली मिशन के तहत प्रोत्साहित तालाबों का रख–रखाव जीविका संपोषित ग्राम संगठनों से कराने का मंत्रीमंडलीय निर्णय लिया गया। इसके के तहत नव सृजित एवं जीर्णोद्धार किए गए सार्वजनिक तालाबों या जलाशयों के रख–रखाव के साथ–साथ जीविका समूहों से जुडे परिवारों के जीविकोपार्जन के उद्देश्य से जीविका के सामुदायिक संगठनों को आवंटित किया जा रहा है। जीविका द्वारा इन सार्वजनिक तालाबों या जलाशयों में सामुदाय आधारित मत्स्य पालन एवं समेकित मत्स्य पालन गतिविधि को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे सामुदायिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं के लिए जीविकोपार्जन के नये अवसर सृजित हो रहे हैं। अबतक 2500 से अधिक जीविका दीदियाँ इससे जुड़ी है।

मुर्गी पालन से सुधरी दीदियों के घर की सेहत

Bikash Kumar, Manager Communication, Bhagalpur

जीविका समूह से जुड़े परिवारों को विभिन्न जीविकोपार्जन गतिविधियों से जोड़कर उनके घर की आमदनी बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश परिवारों की रोजी–रोटी का मुख्य आधार कृषि एवं पशुपालन है। इन परिवारों को पशुपालन की विभिन्न गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। पशुधन गतिविधियों में मुख्य रूप से गाय–भैंस पालन, बकरी पालन, मत्स्य–बत्तख पालन एवं मुर्गी पालन का कार्य किया जा रहा है। जीविका समूह की दीदियों को मुर्गी पालन योजना के तहत बैकयार्ड मुर्गी पालन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। ये लो–इनपुट प्रजाति वाली मुर्गी होती है। इन्हें पालने में अपेक्षाकृत कम लागत होती है जबकि अधिक मात्रा में मांस एवं अंडे का उत्पादन होता है। इस प्रजाति

की मुर्गियां विभिन्न रंगों की होती है, जिसे 'कलर्ड बर्ड' भी कहा जाता है। आमतौर पर देशी मुर्गी भी रंगीन होती है, लेकिन मांस एवं अंडा उत्पादन के दृष्टिकोण से इसे बेहतर माना गया है। इसे 'डयूल पर्पस बर्ड' भी कहा जाता है। यह तीन माह में करीब 2.5 किलोग्राम वजन तक हो जाती है। वहीं एक मुर्गी साल भर में लगभग 150 अंडे देती है। इस प्रजाति की मुर्गियों को घर के पिछवाड़े में पाला जाता है। ये घरों के अपशिष्ट खाद्य पदार्थों एवं अन्य चीजें खाकर पेट भरने में सक्षम होती हैं। इससे इन्हें पालने हेतु बाजार से दाने खरीदने की आवश्यकता नहीं होती है।

जीविका दीदियों को मुर्गी पालन से जोड़ने के लिए दो प्रकार की योजना क्रियान्वित की जा रही है। पहला, समेकित मुर्गी विकास योजना और दूसरा, पूर्ण लागत (फुल कॉस्ट) मॉडल। समेकित मुर्गी विकास योजना (आई.पी.डी.एस.) का पहला चरण समाप्त होने के बाद इसका दूसरा चरण आई.पी.डी. एस–2 शुरू की गई है। फिलहाल राज्य के सभी जिलों में यह योजना क्रियान्वित की जा रही है। बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के सहयोग से चलाई जा रही इस योजना में मुर्गी पालन हेतु सब्सिडी का प्रावधान है। इसके तहत पूर्व में स्थापित मदर यूनिट में एक दिन के चूजों की खरीद और इन्हें पालने में होने वाले खर्च में सब्सिडी दी जाती है। साथ ही मदर यूनिट से जुड़े परिवारों को ये चूजे सब्सिडी दर पर वितरित किए जाते हैं। इसे सब्सिडी मॉडल भी कहा जाता है। दूसरी तरफ, पूर्ण लागत मॉडल के तहत किसी भी प्रकार की सब्सिडी नहीं दी जाती है। इसके तहत मुर्गी पालन में होने वाला पूरा खर्च समुदाय को ही वहन करना पड़ता है। फिलहाल यह योजना राज्य के विभिन्न जिलों में क्रियान्वित है।

समेकित मुर्गी विकास योजना लागू करने की प्रक्रिया :– इस योजना के तहत सूक्ष्म नियोजन के पश्चात 180 परिवारों को मदर यूनिट से जोड़ा जाता है। प्रत्येक परिवारों को 45 चूजे दो बार में उपलब्ध कराए जाते हैं। पहली बार में 25 चूजे एवं दूसरी बार में 20 चूजे दिए जाते हैं। इसके लिए प्रत्येक दीदी से 10 रुपये प्रति चूजे की दर पर कुल 450 रुपये अंशदान के रूप में नोडल ग्राम संगठन या संकुल स्तरीय संघ में जमा कराया जाता है। इस प्रकार एक मदर यूनिट में एक दिन के कुल 8100 चूजे 28 दिनों तक पाला जाता हैं। इन चूजों को 28 दिनों तक पालने के बाद इन्हें दीदियों के बीच वितरित किया जाता हैं। मदर यूनिट संचालक को चूजा पालने हेतु 6 रुपये प्रति जीवित चूजे की दर से भुगतान किया जाता है। साथ ही इस योजना के तहत एक दिन के चूजों एवं दाने की खरीद, चूजों के पालन–पोषण में तकनीकी मदद के अलावा इसके टीकाकरण आदि में भी पूरी सहायता प्रदान की जाती है। वहीं मुर्गी पालने वाले लाभुकों को पिंजड़ा बनाने के बाद प्रोत्साहन राशि के तौर पर 1,000 रुपये सीधे उनके खाते में हस्तांतरित कराए जाते हैं। अब तक 388 उत्पादक समूहों का गठन कर इससे 60100 परिवारों को जोड़ा गया है। इस प्रकार समेकित मुर्गी विकास योजना से जुड़कर समूह की दीदियां कम लागत में ज्यादा मात्रा में मांस एवं अंडे प्राप्त कर रही हैं। इससे उनके घर की आमदनी एवं सेहत दोनों सुधर रही है।

सीमांचल जीविका गोट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड

(बकरी पालन के विकास के लिए परिकल्पित)

Narayan Kumar, Manager Communication, Araria

राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले गरीब और समाज के पिछड़े वर्ग को सहारा देकर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जीविका सतत् प्रयासरत है। इसके अन्तर्गत जीविकोपार्जन से संबंधित सभी संभव साधनों को अपना कर समाज के उत्थान में जीविका की भूमिका काफी सराहनीय है। सीमांचल क्षेत्र के लोगों के लिए बकरी पालन जीविकोपार्जन का एक अहम हिस्सा है। सीमांचल इलाके के लगभग 70 फीसदी परिवारों के पास औसतन 3 से 5 बकरियां हैं। लेकिन, वजन के अनुसार बकरी का उचित मूल्य नहीं मिल पाने, बिचौलियों द्वारा शोषण और असंगठित बाजार के कारण बकरी पालक दीदियों में उदासीनता का माहौल था। इस समस्या से निदान दिलाने हेतु पशु पालक जीविका दीदियों को संगठित और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'सीमांचल जीविका गोट प्रोडूसर कंपनी' की स्थापना की गई है। वर्त्तमान में इसके अन्तर्गत सीमांचल क्षेत्र के तीन जिले – अररिया, पूर्णियाँ और कटिहार की दीदियाँ शामिल हैं। यह कंपनी अररिया, पूर्णियाँ और कटिहार के जिले के 17 प्रखंडों में कार्य कर रही है।

इस कंपनी का उद्देश्य अपने सभी बकरी पालकों को उत्पादन संबंधी सेवाएं प्रदान करना, बकरी क्रय–बिक्रय के लिए व्यवस्थित बाजार उपलब्ध करना और एक पारदर्शी व्यवस्था मुहैया कराना है। इस कंपनी ने फिलहाल 15 प्रखंडों में बकरी संग्रह केन्द्रों की स्थापना की है। जिसके माध्यम से बकरियों की क्रय–विक्रय के अलावा इनपुट सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके सुगमतापूर्वक संचालित करने के लिए एक व्यवस्था विकसित की गई है। इस कंपनी का मुख्यालय अररिया में स्थित है।

अब तक इस कंपनी द्वारा 605 सदस्य दीदियों से 870 बकरियों का क्रय–विक्रय किया गया है। जिसकी कुल 20,35,542 रुपये की राशि सदस्य दीदियों के बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित की गयी है। बकरी स्वास्थ्य सेवा के माध्यम से अबतक 10,094 परिवारों की 25,244 बकरियों को कृमिनाशक दवा दी गयी है जबकि 4,165 परिवारों की 9,180 बकरियों का टीकाकरण किया गया है। इसके अलावा इस कंपनी के माध्यम से अपने सदस्यों को संतुलित आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें बकरी दाना, मिनरल मिक्सचर, हरे चारे का बीज, अजोला वसाईलेज बाजार से सस्ते दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। पशु सखी घर–घर जाकर दीदी की बकरियों को कृमि नाशक दवा देने के अलावा इलाज भी करती हैं, ताकि बकरियां स्वस्थ रहे। इससे उन्हें बिक्री के समय बकरियों की सही कीमत मिल पाती है। इसके अलावा माइक्रोसेव संस्था तकनीकी सहयोग भी मुहैया करा रही है। इससे दीदियों को बकरी पालन में मदद मिल रही है। कंपनी के माध्यम से समाज के सबसे पिछड़े और वंचित परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने में सफलता मिल रही है।

जल-जीवन-हरियाली

जीविका दीदी की खुशहाली

Md. Saif, YP-KMC,
Rajeev Ranjan, Manager Communication, Siwan

जल–जीवन–हरियाली अभियान एक स्वायत्त निकाय है। यह सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1860 के तहत निबंधित है। जल–जीवन–हरियाली अभियान बहुहित धारक कार्यक्रम है, जिसके तहत पर्यावरण संरक्षण, जलवायु स्थिरता, जल निकायों का संरक्षण और जीर्णोद्धार, जल प्रदूषण से जलाशय को संरक्षित रखना, भू जल स्तर संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा देने आदि का कार्य किया जा रहा है। जल–जीवन हरियाली अभियान को विभिन्न विभागों के समन्वय से कियान्वित किया जा रहा है । ग्रामीण विकास विभाग को नोडल विभाग के रूप में नामित किया गया है।

जल–जीवन–हरियाली अभियान की स्थापना 11 लक्षित अवयवों को मिशन मोड में त्वरित कार्यान्वयन के लिए की गई है, जिसमें सभी सार्वजनिक पारंपरिक जल भंडारण संरचनाओं की पहचान और कायाकल्प, छोटी नदियों / नालों में चेक डैम और अन्य जल संचयन संरचनाओं का निर्माण और पहाड़ी क्षेत्र में जल भंडारण, नए जल स्रोतों का निर्माण शामिल है और अधिशेष नदी क्षेत्र से जल की कमी वाले क्षेत्रों में जल का उठाव/वितरण, भवनों में वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण, नर्सरी का सृजन और सघन वृक्षारोपण, सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और ऊर्जा के संरक्षण को प्रोत्साहित करने के साथ–साथ वैकल्पिक फसल, ड्रिप सिंचाई, जैविक खेती और अन्य नई तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देना है।

जल–जीवन–हरियाली अभियान के द्वारा बिहार में कई सार्वजनिक जलाशयों को सरकार द्वारा चिह्नित कर जीविका दीदियों को मत्स्य पालन कर आमदनी को बढ़ाने एवं जलाशय की देख –भाल हेतु जीविका के ग्राम संगठनों को आवंटित करने का मंत्रीमंडलीय निर्णय लिया गया एवं ग्राम संगठनों को हस्तांतरित भी किए गए है। उन जलाशयों की देख–भाल जीविका दीदियों द्वारा किया जाता है। उनमें से एक जलाशय भोजपुर जिला के आरा सदर प्रखंड के पिरौटा पंचायत अंतर्गत जोग्वालिया गाँव में भी है जिसे 22.02.2021 को भास्कर जीविका महिला ग्राम संगठन को 5 वर्ष के लिए आवंटित किया गया है।

इसके बाद ग्राम संगठन की दीदियों ने आवंटित तालाब में मछली पालन करने का निर्णय लिया। मछली उत्पादन एवं उसके व्यवसाय हेतु भास्कर जीविका महिला मत्स्य उत्पादक समूह का गठन किया गया है। इस उत्पादक समूह से जुड़ी कई दीदियां ऐसी हैं जो पहले भी मत्स्य पालन से जुडी हुई हैं। उत्पादक समूह में जुड़ने से दीदियों को मत्स्य पालन के बारे में जानकारी में वृद्धि हुई है। दीदियों को मदद के लिए ग्राम संगठन ने मत्स्य सखी की नियुक्ति की है जो ग्राम संगठन की मदद मत्स्य पालन और व्यापार में करती है।

ग्राम संगठन की दीदियों और मत्स्य सखी की मदद से तालाब की देख–रेख बेहतर तरीके से की जा रही है। जीविका महिला मत्स्य उत्पादक समूह नियमित रूप से बाजार का विश्लेषण करता है और अन्य बाजार में अपने उत्पाद को बेचने के लिए खरीदार खोजता है।

Empowering JEEVIKA Didis

for Dairy intervention as Livelihoods alternative

Arpan Mukherjee, Young Professional, KMC

Rural communities in the Koshi River basin, a trans-boundary river basin in the Hindu Kush-Himalayas, have been experiencing unprecedented difficulties for adapting with the livelihood challenges arising from floods, droughts and other climatic, environmental and socio-economic stresses. The single purpose adaptation approach often fails to address the multiple challenges arising from cascading effects of climate change at different scales and stages. Initial challenges were manifold, including low yield, high operational costs, indigenous breeds, rotten milk, flooding, flood-related migration leading to animal fatalities, and a trade-off between food and fodder. During the incubation phase, JEEViKA under the aegis of the Government of Bihar, played a pivotal role in facilitating the KMMPC's operations by adopting a nurturing role. The initial thrust was to enlist and identify all eligible Self-Help Group (SHG) members who owned milch animals as members of the KMMPC. Given JEEViKA's widespread acceptance and socially sustainable objectives linked with the social and economic empowerment of women, it was evident that female milk producers dominated the landscape, and the producer company, as envisioned by JEEViKA, was bound to be women-centric.

On September 22, 2017, a long-held aspiration of the populace from four districts in the Kosi basin was actualized through the incorporation of the Kaushikee Mahila Milk Producer Company (KMMPC) under the aegis of the Companies Act 1956. The principal objective of the KMMPC was to furnish a sustainable alternative livelihood to female milk producers of this region by executing proficient and well-organized dairy practices, which entailed the provision of an unwavering buyer who paid the suppliers promptly and remunerated them competitively for their milk throughout the year. It was also envisioned that the KMMPC would uphold transparency, equity, and inclusivity in its functioning and governance. Furthermore, the KMMPC would offer technical support services in the areas of breeding, nutrition, and the care and management of milch animals to augment milk productivity for the members' benefit.

The KMMPC functioned on a membership-based model, exclusively conducting business with members who were mostly local women involved in milch cattle farming within the particular geographic area. The members' equity was commensurate with their patronage, i.e., their shares were linked to the amount of milk they deposited. This approach is commonly known as "skin-in-the-game" and is a significant factor in the KMMPC's outstanding growth and survival during the pandemic. Furthermore, membership continued only if the minimum milk quantity requirements were met, ensuring that no one could take advantage of the situation, thus mitigating the risk of moral hazard.

In addition, members had representation on the board of directors, which was responsible for the overall management of the producer company. To provide technical and managerial expertise, skilled directors were appointed to the board to guide women on the proper direction and strategies to employ. The board was to remain apolitical and impartial, free from any political party affiliation.

In addition to their core activities, KMMPC actively engages in continuous training and capacity building initiatives, which encompass various programs such as producer awareness, director skill-building, and exposure visits. Moreover, they offer productivity enhancement services aimed at improving yield, such as doorstep artificial insemination delivery and fertility management for animal breeding. Other essential components include animal nutrition, preventive health, and extension and promotion. From a managerial efficiency standpoint, KMMPC establishes standard operating procedures (SOPs) that serve as the basis for their operations, resulting in greater efficiency and comprehensibility throughout the value chain management. KMMPC also boasts a robust IT and database management system and is managed by a team of competent executives and professionals.

Process Flow

KMMPC's business model involves a two-way approach. The organization sources milk from Milk Procurement Points (MPPs) and, after ensuring quality control through its supply chain logistics, sells the collected milk to institutional buyers. In return, producers receive payment for their milk. Moreover, KMMPC provides technical input services, disseminating knowledge on scientific breeding, nutrition, and healthcare through various extension activities such as Dairy Management Trainings, Film Shows, Calf Rallies, Infertility Management Camps, and Distribution of Extension Material.

Through this business model, KMMPC managed to sell 6,551,020 KGs of raw milk in the financial year 2020-2021 (between April 2020 and March

2021). In the same period, KMMPC sold 9,962 bags of cattle feed and 17,201 KGs of mineral mixture. The revenue generated from the sale of raw milk alone was INR 25,37,95,720, an increase of 56% over the previous financial year ending in March 2020.

Impact

Having overcome the early challenges such as indigenous cattle, high operating cost, lower efficiency, dilemma among the indigenous producers and other socio-economic hurdles, through focussed management and training of the producers in an inclusive environment, and by offering membership and administrative powers to the stakeholders and producers themselves resulting in an in-built commitment instrument.

In September 2022, KMMPC recorded a peak in the procurement by collecting 79000 KGs of milk. With increasing trend in the membership numbers, it is only natural that this target may be achievable. The primary reason for this is joining the KMMPC is very lucrative for women in these regions. By lucrative, we do not mean only financially beneficial but also in terms of outside options in the local labor markets leading to increased opportunity costs of not participating in KMMPC. Additionally, the social aspect of KMMPC which gives the women a sense of empowerment by directly participating as stakeholders and more importantly decision makers in the firm, attracts several women to join the program. This is where the 2-way model becomes very useful in terms of expanding business operations for a product which is a necessary consumption for these households.
Since the crux of KMMPC's business model is a two-way interaction, a lot of the components that comprise of the cost incurred in the production activities are similar to the ones that bring in revenue.

The cost of procurement of raw milk for KMMPC stood at INR 22,26,88,573 for the FY 2020-21 which is significantly higher compared to the previous year where this cost of raw milk amounted to INR 14,52,38,483. A similar increase in purchase of cattle feed, minerals, semen and dewormer can be observed. KMMPC also incurred significantly higher employee benefits expenses in 2020-21 despite the pandemic at an amount of INR 53,73,953 compared to a much smaller pre-pandemic number of 15,76,389 in 2019-20.

The company is implementing the project titled “Dairy Value Chain Development in Saharsa, Supaul & Madhepura Districts of Bihar under NRLP and Innovation Funds of NRLM.

The project period is for four years starting from February 2018 to March 2022 with the financial assistance from Bihar SRLM and technical support from NDDB Dairy Services.

The Company envisages to enroll 40000 women milk producers as members from 800 villages and achieve an average procurement volume of about 61823 Litres per day (LPD) by end of the project i.e., FY 2022-23.

For implementation of the project, a total of Rs. 3806.30 Lakh was sanctioned as a grant from Bihar SRLM of which Rs. 1891.66 Lakh was towards the Capital Cost and Rs. 1914.64 Lakh was towards Program Cost.

समेकित मत्स्य पालन

जलपरी/जलजीवन जीविका महिला मत्स्य उत्पादक समूह

Narayan Kumar, Manager Communication, Araria

अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के खरहट में जलपरी जीविका महिला मत्स्य उत्पादक समूह और जलजीवन जीविका महिला मत्स्य उत्पादक समूह का गठन किया गया है। इन उत्पादक समूहों को मछली उत्पादन के लिए जीविका की ओर से आर्थिक एवं तकनीकी मदद भी की जा रही है। जीविका की खास पहल पर यहां मछली उत्पादन उन्नत तकनीक से किया जा रहा है। यहां पारंपरिक तकनीक से तालाब में मछली पालन के अलावा बायोफ्लॉक विधि (टैंक में मछली पालन) से भी मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही तालाबों में बत्तख पालन भी किया जा रहा है। बत्तख पालन से एक ओर जहाँ दीदियों को आय होती है, वहीं बत्तखों के तैरने से तालाब के पानी में ऑक्सीजन पर्याप्त मात्रा में मौजूद रहता है। तालाब के पानी में ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा में मौजूद रहने से मछलियों का विकास बेहतर होता है। इन्हीं सब प्रयासो से समेकित मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

जलपरी जीविका महिला मत्स्य उत्पादक समूह का गठन 2 फरवरी 2021 को किया गया है तथा जलजीवन महिला जीविका मत्स्य उत्पादक समूह का गठन 4 फरवरी 2021 को किया गया है। प्रत्येक उत्पादक समूह से 35 दीदियाँ जुड़ी। इस प्रकार इन दोनों उत्पादक समूहों से कुल 70 दीदियाँ जुड़ी हैं। मछली पालन एवं बतख पालन से इन दीदियों के लिए जीविकोपार्जन के नए स्रोत उत्पन्न हुए। इसके अलावा इन दीदियों को दूसरी विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिलाया गया है। इन उत्पादक समूहों को स्थापित और संचालित करने के लिए जीविका की ओर से नवाचार निधि के तहत 20 लाख रुपये की राशि आर्थिक मदद के रूप प्रदान की गई है। इस आर्थिक मदद की बदौलत जलपरी और जलजीवन मत्स्य उत्पादक समूहों के गठन से लेकर पूरी कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से चलाने में बहुत मदद मिली है।

इन दोनों मत्स्य उत्पादक समूहों में समेकित मत्स्य पालन किया जा रहा है। जिसका मतलब मत्स्य–सह–बत्तख पालन है। इसके साथ–साथ यहां बायोफ्लॉक विधि से भी मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। जीविका दीदियों की आय बढ़ाने के साथ–साथ मछली उत्पादन में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जीविका की ओर से यह एक अभिनव प्रयास है जिसकी शुरुआत जीविका द्वारा अररिया जिले से की गई है। इसी तर्ज पर प्रदेश के दूसरे जिलों में भी जीविका की ओर से मछली पालन का कार्य शुरू किया जा रहा है। अभी भी बिहार के कई इलाके ऐसे हैं जहां दूसरे राज्यों से आई मछलियों की बिक्री होती है। लोगों को स्थानीय मछली उपलब्ध नहीं हो पाता है। स्थानीय मछली की आवश्यकता को पूरा करने के लिए जीविका प्रयासरत है।

शुरूयात में जलपरी और जलजीवन जीविका महिला मत्स्य उत्पादक समूह में 247 किलाग्राम फिंगरलिंग (मछली बीज या जीरा) तालाब में डाला गया है। अब तक 1043 किलोग्राम मछली बाजार में बेची जा चुकी है। जिससे कुल 1,64,650 रुपये की आय हुई है। बत्तख पालन 'खाकी कैम्पवेल नस्ल' का किया जा रहा है। इसके तहत 369 बत्तखों का पालन किया जा रहा है। जिसमें बत्तख के अंडों को बेचने पर दीदियों को 46972 रुपये की आय हुई है। बायोफ्लॉक टैंक में 10000 पीस 'कबई मछली सीड' डाली गई है जिसमें से 173 किलो ग्राम मछली जो 100 ले 200 ग्राम वजन की थी, इसकी बिक्री भी की जा चुकी है। मछली की बिकी से कुल 39757 रुपये की आमदनी हुई है। जलपरी जीविका महिला मत्स्य उत्पादक समूह द्वारा कुछ माह पहले 317 किलोग्राम इयरलिंग (रोहू, कतला, बिग हेड आदि) तालाब में डाला गया है। जिससे लगभग 2000 किलोग्राम मछली उत्पादन की संभावना है।

Different Schemes of Livestock Intervention

Arpan Kumherjee, Young Professional, KMC

Livestock husbandry serves as a supplementary source of revenue for the indigent rural populace of Bihar. It plays a crucial role in providing income and employment opportunities to millions of impoverished landless individuals in the region, while constituting a significant contributor to the state's rural economy, accounting for approximately one-fifth of the overall rural income. Furthermore, the sector offers prospects for livelihood and income generation, particularly for marginalized sections and women. Enhancing this sector can contribute to a more equitable development of the rural economy. The 2019 livestock census indicates that Bihar's livestock population has surged to 49.24 million from 32.94 million in 2012, with 73% of the stock comprising of milk-giving animals, of which cows and buffaloes make up 42% and 21%, respectively. The overall livestock population in the state is increasing steadily, with goats and poultry representing 51% of the total livestock population. JEEVIKA has implemented various schemes to bolster livestock interventions aimed at enhancing household income.

1. Pashu Sakhi Model

